# स्कूली बच्चों से भरी बस हाईटेंशन लाइन में फंसी

## बस में 50 बच्चे सवार थे, गनीमत रही बिजली सप्लाई बंद थी, बड़ा हादसा टला

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 26 जुलाई. बेगमगंज के सेंट थॉमस कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल के स्टूडेंट्स को भोपाल ले जाते समय स्लीपर स्कूल की बस की छत स्कूल के मेनगेट के ऊपर से निकली हाईटेंशन बिजली लाइन में फंस गई. तार ऊंचा करके बस को बमुश्किल निकाला. बस में करीब 50 विद्यार्थी सवार थे. गनीमत रही कि इस वक्त बिजली सप्लाई बंद थी, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था. बिजली कंपनी के अफसरों ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए 24 घण्टे में लाइन ऊंची करने के निर्देश दिए हैं.**

घटना शनिवार सुबह करीब 7 बजे की है. जब सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल के करीब 50 स्टूडेंट का बैंड ग्रुप एक निजी स्लीपर बस से भोपाल जाने के लिए रवाना हुआ था, स्कूल प्रबंधन ने यह निजी बस किराये से ली थी. जब यह बस स्कूल के मेन गेट पर पहुंची तो गेट के ऊपर से निकली हाईटेंशन बिजली लाइन के तार बस की छत में फंस गए, जिसे बमुश्किल बस के हेल्पर द्वारा तारों को ऊंचा करके बस को निकाला गया.



### ....नहीं तो हो सकता था बड़ा हादसा

बस चालक का कहना है कि जब वह बस को गेट से स्कूल के अंदर लेकर गया तो उस समय लाइन फंसने जैसी कोई बात नहीं हुई, लेकिन लौटते समय बस की छत विद्युत लाइन में फंस गई. गनीमत रही कि उस समय शायद बिजली गुल थी और तारों में करंट प्रवाहित नहीं हो रहा था. फंसे हुए तारों को बस के हेल्पर द्वारा ऊंची करके निकाला गया. वहीं स्कूल प्रबंधन का कहना है कि कई बार बिजली अधिकारियों को इस संबंध में आवेदन भेजे जा चुके हैं, लेकिन अभी तक उन पर कोई विचार नहीं होने से स्थिति जैसी की तैसी बनी हुई है .

स्कूल के पालक -शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि अब स्कूल प्रबंधन एवं सभी अभिभावकों द्वारा कलेक्टर एवं बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह किया गया है कि बिजली कंपनी को निर्देशित करके विद्युत लाइन को यहां से ऊंची कराई जाए, ताकि स्टूडेंट सुरक्षित रह सके .

प्राचार्या सिस्टर मरीना ने बताया कि स्कूल की बाउंड्री पर पहले यूकेलिप्टस (नीलगिरी) के पेड़ लगे हुए थे, लेकिन उन पेड़ों से तार टच होने से कभी -कभी करंट आने लगा था तो सभी पेड़ कटवा दिए थे और विद्युत लाइन को ऊंची करने के लिए आवेदन दिया था. फिर भी बिजली कंपनी ने बिजली लाइन को ऊंचा नहीं किया. लटकती हुई केबल जो बहुत नीचे आ गई है, जो आज भी खतरा बनी हुई है.

**इनका कहना है ...**

शिकायत आपके द्वारा अभी मिली है, गंभीर मामला है. इसलिए 24 घंटे के अंदर व्यवस्था करने के निर्देश विद्युतकर्मियों को दिए गए हैं. यह काम तत्काल कराया जा रहा है.

**– पराग धड़बड़े, कार्यपालन यंत्री मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी**



# रायसेन को आदर्श जिला बनाने के दिशा में काम करें

## दिशा की बैठक में बोले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 26 जुलाई. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को रायसेन पहुंचे, वे दिशा की बैठक में शामिल हुए. यहां सबसे उन्होंने पहले पुलिस के नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत हस्ताक्षर किये और मौजूद सभी लोगों से नशे के खिलाफ शपथ दिलाई.**

बैठक की शुरुआत करते हुए केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा आज की बैठक की शुरुआत अच्छी हो रही है काम करें हर संभव प्रयास कल होना चाहिए. बैठक में स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र पटेल, होशंगाबाद सांसद दर्शन चौधरी, विधायक प्रभुराम चौधरी, सुरेंद्र पटवा, जिला पंचायत यशवंत मीना भी शामिल हुए. रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, एसपी पंकज पांडे और जिला पंचायत सीईओ अंजू भदोरिया भी मौजूद रहे. केंद्रीय मंत्री ने नशा मुक्ति अभियान के तहत बनाई गई रंगोली और पेंटिंग का भी अवलोकन किया. केंद्रीय मंत्री चौहान ने योजनाओं की समीक्षा की करते हैं अधिकारियों को दिए कि निर्देश केंद्र की जन कल्याण योजना का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से किया जाए. इसे विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा. उन्हें कहा प्रधानमंत्री आवास योजना में कोई भी पात्र नागरिक ना छूटे ऐसा प्रयास किया जाए. हर गरीब का पक्के घर का सपना हो साकार हो.

# तीन साल से फरार वारंटी विदिशा से गिरफ्तार

## एक्सीडेंट के मामले में फरार था आरोपी, रायसेन न्यायालय में किया पेश

नवभारत न्यूज़

**सलामतपुर, 26 जुलाई. थाना पुलिस को एक ऐसे फरार स्थाई वारंटी को पकड़ने में सफलता मिली है जो 3 साल से एक्सीडेंट के मामले में फरार चल रहा था. फरार स्थाई वारंटी को विदिशा से मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में सलामतपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है.**

सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि रायसेन एसपी पंकज पांडे के दिशा निर्देशन में फरार वारंटियों को पकड़ने का अभियान जोरों पर चल रहा है. इसी कड़ी में 2022 तीन साल से मारपीट के मामले में फरार स्थाई वारंटी रजनीश विश्वकर्मा पिता गणेशराम विश्वकर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी आरएमपी नगर टीलाखेड़ी विदिशा की मुखबिर से सूचना मिली कि वह विदिशा आया हुआ है. तत्काल थाने से प्रधान आरक्षक हेत सिंह मीणा और आरक्षक रोहित गोस्वामी को वारंटी को पकड़ने के लिए विदिशा भेजा गया. फरार वारंटी रजनीश को पुलिस के आने की भनक लग गई. वो भागने की ही फिराक में था. लेकिन पुलिस ने समय रहते उसे घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता हासिल कर ली. शनिवार के दिन रजनीश को रायसेन न्यायालय में पेश किया गया है. थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रायसेन पंकज कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में स्थाई फरार वारंटियों की धरपकड़ और गुंडा, बदमाश सहित अपराधिक लोगों की निगरानी हेतु रात्रि गश्त की जा रही है.



**इनका कहना है ...**

लगभग 3 साल से एक्सीडेंट के मामले में फरार स्थाई वारंट को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में फरार वारंटियों की धरपकड़ करने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है. जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा.

**दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी सलामतपुर**



# बारना डेम लबालब छह गेट खोले

**रायसेन, 26 जुलाई. शुक्रवार रात से हो रही बारिश के कारण शनिवार को सुबह 6 बजे बारना डेम के 6 गेट खोलने पड़े. जिससे 22800 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है.**

प्रशासन ने बरेली की निचली बस्तियों को अलर्ट जारी कर दिया है और जलभराव से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है. बता दें कि इस मानसून सीजन में दूसरी बार बारना बांध के गेट खोले गए हैं इस पहले 24 जुलाई को देर रात चार गेट खोले गए थे.

# रोड पर जाम, कीचड़ और स्कूली बच्चों का प्रदर्शन

## सड़क पर ट्रैक्टर ट्रालियों, कीचड़ से बच्चे नहीं जा पा रहे स्कूल

नवभारत न्यूज़

**देवरी (रायसेन), 26 जुलाई. ग्राम रमपुरा रिछावर रोड पर बने वेयरहाउस में समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी जारी है. इसी कारण सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की कतारें लगी हुई हैं, जिससे सड़क पूरी तरह से जाम हो चुकी है.**

ट्रैफिक जाम और दोनों तरफ फैले कीचड़ ने आम जनजीवन को मुश्किल में डाल दिया है. इस रास्ते से होकर स्कूल जाने वाले ग्रामीण बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है. सड़क, कीचड़ और ट्रैक्टर ट्रॉलियों से पूरी तरह बंद हो जाती है, जिससे छात्र-छात्राएं स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं. इससे परेशान गांव के बच्चों ने शनिवार को सड़क पर प्रदर्शन किया. बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर प्रशासन से रास्ता साफ कराने और ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की. ग्रामीणों का कहना है कि वेयरहाउस की खरीदी व्यवस्था का संचालन अव्यवस्थित है.




वेयरहाउस में ट्रैक्टरों ट्रॉलियों की कतार लगने से रास्ता जाम हुआ है और साइड में कीचड़ है हमने नगर परिषद को आदेशित किया है कि इस रोड पर मुरम और बोल्डर डलवाए जाएं, ताकि फोर व्हीलर गाड़ियों का आवागमन हो सके और स्कूल के बच्चे भी स्कूल जा सके, संभवत: सोमवार तक रोड क्लियर हो जाएगा.

**– संतोष मुद्गल, एसडीएम**

हमने मुरम और बोल्डर डालने का कार्य तीव्र गति से कर दिया है. हमारा पूरा स्टाफमय इंजीनियर के रोड पर काम करवा रहा है.


**– जगदीश शर्मा, सीएमओ**




# कारगिल विजय दिवस : पीजी कॉलेज में होगी विचार गोष्ठी

**सिलवानी, 26 जुलाई.** भारतीय सैनिको के शौर्य व बहादुरी के प्रतीक कारगिल विजय के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को स्थानीय शासकीय पीजी कॉलेज में किया जाएगा.

प्राचार्य मनोहर लाल कोरी ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम के तहत बुधवार को महाविद्यालय परिसर में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर परिचर्चा, विचार गोष्ठी, चित्र प्रदर्शनी, डॉक्यूमेंट्री कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. जिसका आरंभ प्रात: साढ़े 11 बजे किया जाएगा .




# भूखे व्यक्ति को दरवाजे से न लौटाएं : साक्ष्य सागर

## मुनि निवृत्त सागर ने कहा- पुण्य की महिमा अपरंपार

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 26 जुलाई. जीव व्यवहार धर्म को तिलांजलि देकर निज आत्म की शरण को अंगीकार करना चाहिए यही धर्म ही शरण भूत हैं. भगवान के समवशरण का व्यापक स्तर पर प्रभाव होता है कि दुश्मन भी शत्रुता छोड़ कर सच्चे मित्र बन जाते हैं. यह उद्गार मुनि साक्ष्य सागर महाराज ने शनिवार को सुबह के समय समाजजनो के बीच व्यक्त किए.**

उन्होंने पारसनाथ जिनालय में आयोजित प्रवचनो की कड़ी में सच्चे सम्यक दृष्टि जीव की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए बताया कि सच्चा सम्यक दृष्टि जीव मुनिराज को आहार कराने के बाद ही कुछ भोजन ग्रहण करता है इसके पहले वह अल्प से अल्प भी भोजन ग्रहण नही करता हैं बल्कि वह भोजन की तरफ देखता भी नहीं है. उन्होने बताया कि अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर की वाणी जीव के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है. आहार दान व धर्म के फल की व्याख्या करते हुए उन्होंने बताया कि श्रावक का कर्तव्य है कि वह मुनिराजो को आहार कराएं, बल्कि दरवाजे पर आए हुए किसी भी भूखे व्यक्ति को बगैर भोजन दिए ना लौटाएं. यदि दरवाजे से भूखा व्यक्ति वापस जाता है तो करोड़ो का दान देना सार्थक नही हो सकता है.

**शुभ व अशुभ होना नियत है:** मुनिराज ने बताया कि जीव के साथ जो कुछ भी शुभ व अशुभ घटित हो रहा है वह सब नियत हैं. जिस देश, जिस काल व जिस समय जिस विधि से जीव के साथ मंगल, अमंगल घटित होता हैं वह सब नियत होता है. धर्मात्मा जीव सदैव देव,शात्र, गुरु की शरण में रह कर अपना आत्म कल्याण करना चाहता है उसकी दृष्टि सांसारिक भोगों से विरक्त होकर देव, शास्त्र, गुरु को ही आत्म कल्याण की तरफ होती हैं.

# बाइक में दूसरी बाइक ने मारी टक्कर, एक की मौत

## दूसरे घायल की हालत भी गंभीर, बौद्ध यूनिवर्सिटी के सामने हादसा

नवभारत न्यूज़

**सलामतपुर, 26 जुलाई. शुक्रवार रात के समय सलामतपुर हाट बाजार से सब्जी लेकर मोटरसाइकिल से रतनपुर गांव लौट रहे पिता पुत्र की मोटरसाइकिल में सामने से दूसरी मोटरसाइकिल चालक ने टक्कर मार दी. जिसकी वजह से एक व्यक्ति की भोपाल के पीपुल्स अस्पताल में मौत हो गई और टक्कर मारने वाला युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसका उपचार विदिशा के अस्पताल में चल रहा है.**

हादसा सलामतपुर में सांची बौद्ध यूनिवर्सिटी के सामने हुआ है. जानकारी अनुसार शुक्रवार रात को रतनपुर गांव निवासी हजारीलाल मैथिल पिता भंवर मैथिल अपने बेटे यश मैथिल के साथ मोटरसाइकिल से सलामतपुर हाट बाजार में सब्जी लेने आए थे. सब्ज़ी लेकर वापस जाते समय सांची बौद्ध यूनिवर्सिटी के सामने विदिशा की तरफ से तेज़ व लापरवाही से मोटरसाइकिल चला रहे सुनील निवासी भोई कालोनी ने टक्कर मार दी. जिसकी वजह से हजारीलाल को गंभीर चोटें आ गईं.



परिजन जानकारी मिलते ही तत्काल हजारीलाल को पीपुल्स अस्पताल भोपाल लेकर पहुंच गए. लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने हजारीलाल को मृत घोषित कर दिया.

# आदर्श जीवन चरित्र को बना देता निर्मल : पं . शर्मा

नवभारत न्यूज

**बाड़ी, 26 जुलाई. शनिवार को श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर शनिवार को भक्तों को कथा श्रवण कराते हुए पं. महेश प्रसाद शर्मा ने कहा कि कर्म ही प्रधान है जैसा हम करते हैं उसका हमें वैसा ही फल और आनंद मिलता है भगवान श्री कृष्ण के आदर्श चरित्र से हमें जीवन जीने की शिक्षा मिलती है. श्री कृष्ण का व्यवहार सुदामा के प्रति उनका विशाल प्रेम कभी दिखने नहीं . न्याय की पक्ष में हमेशा अपने सुंदर विचारों को प्रकट करना चाहिए अन्याय का विरोध करने की शिक्षा भगवान श्री कृष्ण के आदर्श से मिलती है.**

राजा से लेकर ग्वाला तक भगवान श्री कृष्णा का स्वभाव और व्यवहार एक जैसा ही रहा वह अपने ग्वाल बाल अपने सखियों से अटूट प्रेम करते थे उनका प्रेम विशाल था. कथा व्यास पं. शर्मा ने द्वितीय दिवस कहा कि पद छोटा हो या बड़ा अहंकार जीवन में नहीं आना चाहिए अहंकार व्यक्ति के सुंदर चरित्र को दूषित कर देता है. अहंकार व्यक्ति के पाटन का कारण है अहंकार शब्द से ही दूर रहना चाहिए.




उन्होंने कहा प्रेम एक वह ज्योति है, जिससे व्यक्ति खुद जगमग होता है और आस पड़ोस में भी रोशनी से जगमग कर देता है . उन्होंने प्रेम की शिक्षा हमें सुदामा कृष्ण प्रेम से मिलती है . बड़ों के प्रति हमेशा ही आदर्श भाव अपने जीवन में रखना चाहिए . उन्होंने कहा कि नियम व्यक्ति को अनेक संकटों से मुक्ति दिला देते हैं . इसलिए व्यक्ति को अपने जीवन में एक नियम बनाकर रखना चाहिए जिससे वह अपने जीवन को सफल बना सके . आरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया गया .


**न्यायालय तहसीलदार बांदरी तहसील बांदरी जिला सागर म.प्र.**

क्रमांक/452/प्रवा. तह./2025

बांदरी दिनांक-15.07.2025

प्रकरण क्रमांक /अ-20(3)/2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बंगेला तहसील बांदरी जिला सागर की शासकीय नजूल भूमि सर्वे नं. 510 रकवा 1.59 हे. में से 0.04 हे. भूमि OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER PHE DEPARTMENT KHURAI पता OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER को भूमि आवंटन हेतु आवेदन हेतु आवंटित किये जाने का आवेदन विचारार्थ लिया गया है। उक्त आवंटन में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तेहार जारी होने के दिनांक से प्रकरण में नियत आगामी (कम से कम 15 दिवस उपरांत) दिनांक 30.07.2025 के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति आनलाईन अथवा लिखित रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**तहसील बांदरी जिला सागर**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील मालथौन जिला-सागर (म.प्र.)**

**इश्तहार**

जरिये इश्तहार आम जनता को सूचित किया जाता है, कि कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड खुरई म.प्र. के पत्र क्र./461/तक/ का.यं./ लोक स्वास्थ्य/ खंड खुरई दिनांक 21/02/2025 के द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि मालथौन समूह जल प्रदाय योजना का क्रियान्वयन म.प्र.जल निगम मर्यादित द्वारा किया जाना है। योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मालथौन तहसील के ग्राम कुआखेडा की भूमि खसरा नं. 117 रकवा 0.04 हे. चिन्हित भूमि आवंटन हेतु प्रतिवेदन भेजने हेतु प्राप्त हुआ है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह इस इश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात किसी भी आपत्तिकर्ता की आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 15/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

नियत दिनांक 30/07/2025

**तहसीलदार**
**तहसील मालथौन**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील मालथौन जिला-सागर (म.प्र.)**

**इश्तहार**

जरिये इश्तहार आम जनता को सूचित किया जाता है, कि कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड खुरई म.प्र. के पत्र क्र./467/तक/का.यं./लोक स्वास्थ्य/खंड खुरई दिनांक 21/02/2025 के द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि मालथौन समूह जल प्रदाय योजना का क्रियान्वयन म.प्र. जल निगम मर्यादित द्वारा किया जाना है। योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मालथौन तहसील के ग्राम रामछायरी की भूमि खसरा नं. 344 रकवा 0.04 हे. चिन्हित भूमि आवंटन हेतु प्रतिवेदन भेजने हेतु प्राप्त हुआ है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह इस इश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात किसी भी आपत्तिकर्ता की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 15/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

नियत दिनांक 30/07/2025

**तहसीलदार**
**तहसील मालथौन**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील मालथौन जिला-सागर (म.प्र.)**

**इश्तहार**

जरिये इश्तहार आम जनता को सूचित किया जाता है, कि कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड खुरई म.प्र. के पत्र क्र./471/तक/ का.यं./लोक स्वास्थ्य/ खंड खुरई दिनांक 21/02/2025 के द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि मालथौन समूह जल प्रदाय योजना का क्रियान्वयन म.प्र.जल निगम मर्यादित द्वारा किया जाना है। योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मालथौन तहसील के ग्राम देवपुरा की भूमि खसरा नं. 281 रकवा 0.04 हे. चिन्हित भूमि आवंटन हेतु प्रतिवेदन भेजने हेतु प्राप्त हुआ है।

अत: उक्त संबंध ने जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह इस इश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात किसी भी आपत्तिकर्ता की आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 15/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

नियत दिनांक 30/07/2025

**तहसीलदार**
**तहसील मालथौन**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील मालथौन जिला-सागर (म.प्र.)**

**इश्तहार**

जरिये इश्तहार आम जनता को सूचित किया जाता है, कि कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड खुरई म.प्र. के पत्र क्र./465/ तक/ का.यं./ लोक स्वास्थ्य/ खंड खुरई दिनांक 21/02/2025 के द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि मालथौन समूह जल प्रदाय योजना का क्रियान्वयन म.प्र. जल निगम मर्यादित द्वारा किया जाना है। योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मालथौन तहसील के ग्राम हिरनछिपा की भूमि खसरा नं. 368 रकवा 0.04 हे. चिन्हित भूमि आवंटन हेतु प्रतिवेदन भेजने हेतु प्राप्त हुआ है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह इस इश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात किसी भी आपत्तिकर्ता की आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 15/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

नियत दिनांक 30/07/2025

**तहसीलदार**
**तहसील मालथौन**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील मालथौन जिला-सागर (म.प्र.)**

**इश्तहार**

जरिये इश्तहार आम जनता को सूचित किया जाता है, कि कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड खुरई म.प्र. के पत्र क्र./469/ तक/ का.यं./लोक स्वास्थ्य/ खंड खुरई दिनांक 21/02/2025 के द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि मालथौन समूह जल प्रदाय योजना का क्रियान्वयन म.प्र.जल निगम मर्यादित द्वारा किया जाना है। योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मालथौन तहसील के ग्राम लोगर की भूमि खसरा नं. 409 रकवा 0.04 हे. चिन्हित भूमि आवंटन हेतु प्रतिवेदन भेजने हेतु प्राप्त हुआ है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह इस इश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात किसी भी आपत्तिकर्ता की आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 15/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

नियत दिनांक 30/07/2025

**तहसीलदार**
**तहसील मालथौन**